# पीएम स्वनिधि योजना में स्वीकृत ऋणों का करें शत प्रतिशत वितरण : नम्रता वृष्णि



स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाडे की तैयारी की समीक्षा बैठक लेती जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि।

■ कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभागार में 'स्वनिधि भी - स्वाभिमान भी' पखवाड़े की तैयारी के सम्बंध में निर्देश दिए

**बीकानेर,।** जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना में प्रत्येक पात्र को लाभ देने के लिए लंबित प्रकरणों के निस्तारण और स्वीकृत ऋणों का शतप्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'स्वनिधि भी – स्वाभिमान भी' पखवाड़े की तैयारी के सम्बंध में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना में प्रथम या द्वितीय चरण में लम्बित प्रकरण प्राथमिकता से निस्तारित करवाएं।

पखवाड़े के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहें, जिससे आवेदन पत्रों की मौके पर ही जांच करवा कमियों को दूर कर आवेदन पूर्ण करवाते हुए अधिक से अधिक पात्रों को लाभ पहुंचाया जा सके। जिला कलेक्टर ने योजना की प्रगति को लक्ष्य के अनुपात में कम बताते हुए और गंभीरता से काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से प्रकरण लम्बित नहीं रहे। यदि आवेदक पात्रता नहीं रखता है तो निरस्त प्रकरण के साथ कारण स्पष्ट रूप से अंकित करें। आवेदन पत्र में कमी है तो उसे दूर कर पुनः आवेदन भरवाया जाए।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि जिन प्रकरणों में ऋण स्वीकृत कर लिया गया है लेकिन लोन डिस्बर्समेंट नहीं हुआ, ऐसे आवेदकों को पखवाड़े के दौरान व्यक्तिगत रूप से बुलाते हुए ऋण वितरण की कार्यवाही आवश्यक रूप से संपादित करें। श्रीमती वृष्णि ने कहा कि बैंक अतिरिक्त संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ऋण स्वीकृत करें, जिससे सरकार की इस योजना का लाभ अधिक पात्र लोगों तक पहुंच सके।

खाजूवाला में अधिक प्रकरण निरस्त होने पर असंतोष प्रकट करते हुए जिला कलेक्टर ने निरस्त प्रकरणों की रेंडम आधार पर जांच करने को कहा। नोखा तथा श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका में भी अतिरिक्त आवेदन भिजवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में जिन पात्र व्यक्तियों द्वारा ऋण राशि का भुगतान कर दिया गया है उनके द्वितीय चरण हेतु आवेदन भिजवाएं। निगम आयुक्त मंयक मनीष ने बताया कि 18 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक चलने वाले इस पखवाड़े के दौरान पीएमस्वनिधि योजना के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण, नए आवेदन लेने, स्वीकृत ऋणों का वितरण तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारियां दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जन धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, श्रम योगी मानधन योजना,वन नेशन वन राशन कार्ड, मातृ वंदन योजना आदि की जानकारी देते हुए पंजीकरण किए जाएंगे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आज फिर बिजली कटौती

**बीकानेर ।** दीपावली के नाम पर एक महीने तक बिजली कटौती करने के बाद भी बिजली कंपनी व्यवस्था को दुरुस्त नहीं कर पाई है। ऐसे में दीपावली के बाद भी बिजली कटौती का सिलसिला जारी है।फीडर आदि के रख-रखाव, पेड़ो की कटाई-छंटाई के लिए बुधवार को बीकानेर के अनेक क्षेत्रों में बिजली कटौती होगी। कंपनी की ओर से जारी सचना के मुताबिक उदासर कृषि क्षेत्र, उदासर गांव, पेमासर गांव और ग्रामीण क्षेत्र, विराट नगर, आर्मी गेट, वैशाली नगर, मयूर विहार, सोनी कोठी, मरुधर नगर, वैष्णो धाम, बोथरा कॉलोनी, आर.के. पुरम बी ब्लॉक, खाटू श्याम नगर, वाटिका एन्कलेव, वैष्णो धाम, मंडा और मृदुल इंजीनियरिंग कॉलेज और ग्रामीण, मोदी एक्वा, जयपुर रोड, मरुधर कॉलोनी, आर.के. पुरम, आर.सी.पी कॉलोनी, बीछवाल गांव, कृषि विश्वविद्यालय, आरटीओ कार्यालय, बीकानेर जेल, रीको कॉलोनी, 10वीं बटालियन, पंप हाउस, कृषि मंडी, रोडवेज, सागर होटल, उरमूल डेयरी, वसंत विहार, लालगढ़ पैलेस, कर्णी सिंह स्टेडियम, समता नगर सेक्टर-सी, समता नगर, करणी नगर सेक्टर ए एव बी, लालगढ पैलेस, करणी नगर सेक्टर डी एंव ई, आर.ए.सी. कॉलोनी , लालगढ़ नलकूप क्षेत्र में कटौती रहेगी।

## सार-समाचार

### नशामुक्ति हेतु जागरूक करने की शपथ दिलाई



रामपुरिया विधि महाविद्यालय में नशामुक्ति हेतु जागरूक करने की शपथ दिलाते डा.अविनाश झांझडिया

**बीकानेर।** 'वर्तमान में नशा न केवल युवाओं के विनाश का कारण है अपितु नशे की लत परिवार, समाज तथा पूरे राष्ट्र को क्षति पहुंचा रही है।'ये कथन रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित नशा मुक्ति प्रयास एवं समाधान विषय पर एक दिवसीय शिविर के दौरान रखी गई गोष्ठी में जाने माने मनोचिकित्सक डॉ. अविनाश झाझडिया ने कहे। डॉ. अविनाश झाझडिया ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में इस बात को लेकर संकल्पित होना चाहिए कि वे किसी भी प्रकार के नशे से अपने आप को दूर रखेंगे। डॉ अविनाश ने सभी स्वयंसेवकों को बताया कि कोई भी प्रकार का नशा छोटा या बडा नहीं है प्रत्येक नशे के गंभीर दुष्परिणाम है जिसे युवा को स्वयं को तथा उसके परिवार को भुगतने पडते है और अन्तोतगत्वा पूरा समाज तथा राष्ट्र इसके दुष्परिणामों से आहत होता है। डॉ. अविनाश झाझडिया ने बताया कि धुम्रपान तथा तम्बाकू का नशा 1000 प्रकार की बीमारियों का कारण है। अतः इस प्रकार के सभी नशों से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति सजग होकर इनसे दूर रहना ही इसका वास्तविक समाधान है। डॉ. अविनाश झाझडिया ने स्वयंसेवकों को नशे के कारणों, लक्षण तथा रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया तथा बताया कि समय रहते जागरूक होकर चिकित्सकीय सलाह से नशे की लत से होने वाले दुष्परिणामों से बचा जा सकता है। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीतेश व्यास ने स्वयंसेवकों को बताया कि वर्तमान में युवा वर्ग जो नशे का आदी हो रहा है उसका मुख्य कारण अति महत्वाकांक्षा और संगति है अतः सभी विद्याथियों को चाहिए कि वे बुरी संगति का त्याग कर नशे तथा उससे होने वाली समस्याओं से दूर रह सकते है।कार्यक्रम के अन्त में सभी स्वयंसेवकों, विद्याथियों तथा उपस्थित व्यक्तियों ने नशा न करने तथा लोगों को नशा मुक्ति हेतु जागरूक करने हेतु शपथ ली। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बालमुकुन्द व्यास, महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. शराफत अली, डॉ. प्रीति कोचर, डॉ. पीयूष किराडू, श्रीमती सुनीता लूणिया, श्रीमती अन्जूमन उस्ता, चेतना ओझा, राजश्री सुथार, राकेश रंगा तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### आत्मा योजनाओं की जानकारी दी

**श्रीगंगानगर, ।** आत्मा योजना के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत 5 जी छोटी सहारणावाली में एक दिवसीय किसान गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप निदेशक कृषि एवं परियोजना निदेशक (आत्मा) डॉ. विनोद सिंह गौतम ने आत्मा योजना में दी जाने वाली सुविधाएं भ्रमण, प्रशिक्षण, कृषक पुरस्कार, किसान मेला इत्यादि पर विस्तार से जानकारी दी। गौष्ठी में उप परियोजना निदेशक आत्मा श्री सुदेश कुमार ने रबी फसलों की बिजाई पर जानकारी दी। कार्यक्रम में सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी सोहनलाल ने भूमि में कार्बनिक पदार्थ की वृद्धि और जैविक कृषि के लाभ के बारे में बताया। सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी बंसत सिंह ने वेस्ट डिकम्पोजर के बारे में बताया। सहायक कृषि अधिकारी अजय कुमार ने डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में अन्य उर्वरकों के उपयोग के बारे में बताया। कृषि विभाग से अभिषेक शर्मा और जॉनी मिड्ढा ने भी अपने विचार रखे।

### जूनामठ महंत रतनगिरी महाराज को संतों ने ओढ़ाई चादर

**बीकानेर**, सब्जी मंडी के पीछे स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर में जूनागठ ट्रस्ट के महंत रतनगिरी महाराज का अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे संतों ने महंत रतनगिरी को चादर चढ़ाई। धनीनाथ गिरिमठ पंच मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी विशोकानंद भारती की अध्यक्षता में शुरू हुए इस कार्यक्रम में शिवबाड़ी के अधिष्ठाता महंत विमर्शानंद महाराज के सान्निध्य में रतनगिरि बर्फानी बाबा का अभिषेक किया गया। साथ ही बर्फानी बाबा को चादर ओढ़ाई गई। कार्यक्रम में विधायक जेठानंद व्यास ने कहा, हिन्दुओं को एकजुट रहने और कुटुम्ब सहित मंदिर और मठों में पहुंचकर पूजा-पाठ करें। स्वामी विमर्शानंद महाराज ने कहा, युवा वर्ग को नशे से दूर रहना चाहिए। वहीं विशोकानंद महाराज ने कहा, मंदिर और मठों की सुरक्षा के लिए हमें आगे आना होगा। यह तभी संभव होगा जब हम शास्त्रों के बारे में जानकारी लेंगे। इस मौके पर योगी ओमनाथ, योगी विलासनाथ, विजयनाथ, गुजरात स्वामी प्रणवानंद के अलावा जूनामठ के पुखराज मोदी, रूपेश आहूजा, देवकिशन सुथार, विकास छंगाणी और घनश्याम भाटी आदि भी मौजूद रहे।

### परीक्षा का पाठ्यक्रम घोषित करने की मांग

**बीकानेर,** ।स्वयंसेवी शिक्षण संस्थान संघ राजस्थान बीकानेर के जिलाध्यक्ष राजेश रंगा एवं प्रदेश महामंत्री सोहनलाल जोशी ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर मांग की है कि कक्षा 9 से 12 तक का अर्द्धवार्षिक परीक्षा एवं कक्षा 9 एवं 11 का वार्षिक परीक्षा का पाठ्यक्रम शीघ्र घोषित करें क्योंकि इस सत्र से अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा राज्य स्तर पर ली जा रही है। जबकि पूर्व में यही परीक्षाएं जिला समान परीक्षा के आधार पर होती थी।

## तपस्वी चंद्रा नाहटा व आरती बेगानी का अभिनंदन

■ तप-त्याग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं-जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वर महाराज

**बीकानेर, ।** जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वर महाराज व मुनिवृंद, साध्वाविजयप्रभा, प्रभंजनी महाराज आदि ठाणा 5 के सान्निध्य मंगलवार को ढढ्ढा चौक श्रेणी तप साधक श्रीमती चन्द्रा नाहटा, 16 दिन तपस्वी आरती बेगानी, मालचंद बेगानी तथा जगदलपुर की लूणीदेवी पारख का अभिनंदन सुगन महाराज का उपासरा ट्रस्ट व श्री जिनेश्वर युवक परिषद की किया गया।

जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वरजी महाराज ने धर्मचर्चा में कहा कि बाह्य व अभ्यांतर तप और त्याग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने से ज्ञान, दर्शन, चारित्र प्राप्ति होती है तथा घाति-अघाति कर्मों का क्षय होता है। बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर महाराज ने आचार्यश्री के विषय का विस्तार करते हुए कहा कि मन को खाली रखना अभ्यांतर तप कहलाता है। अभ्यान्तर तप को बनाए रखने से बाह्य तप का मनोबल बढ़ता है। शरीर के विषय व भोग तथा कषायों का त्याग करें तथा भोगवृति पर अंकुश का प्रयास करें।दोनों तपस्विनी श्राविकाओं की शोभायात्रा गाजे बाजे से निकली जो भगवान आदिनाथ, चिंतामणि जैन मंदिरों में दर्शन वंदन करते हुए प्रवचन पंडाल में पहुंची। जहां विचक्षण महिला मंडल, जिनेश्वर महिला मंडल की सदस्याओं ने स्वागत व तपस्या अनुमोदना के गीत प्रस्तुत किया। बीकानेर की साध्वी प्रभंजना श्रीजी महाराज ने तप की महिमा बताई। श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, श्री जिनेश्वर युवक परिषद के मंत्री मनीष नाहटा, श्रीमती संतोष नाहटा, अंजू मुसरफ,श्रीमती किरण बेगानी, विचक्षण महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्य मूलाबाई दुगड़ ने तपस्वियों का अभिनंदन किया।

# नए मास्टर प्लान से बनेंगे स्कूल

**बीकानेर ।** नगर विकास न्यास को बीकानेर विकास प्राधिकरण बनाने की घोषणा सीएम ने बजट भाषण में की थी लेकिन अब उसे आगे बढ़ाने की कार्रवाई कछुआ चाल से बढ़ रही है। अभी सिर्फ पत्राचार ही सरकार और न्यास के बीच चल रहा है। सरकार ने हाल ही में यूआईटी से मास्टर प्लान, न्यास की वित्तीय स्थिति और अन्य डिटेल मांगी हैं। विकास प्राधिकरण की घोषणा के बाद पिछले साल ही उसे अलमीजामा पहनाया गया है इसलिए लोग तर्क दे रहे कि इसे पूरी तरह लागू होने में सरकार एक से दो साल लगाएगी।

दरअसल बीकानेर शहर के एक लाख हेक्टेयर एरिया में आगामी 20 साल का नया मास्टर प्लान बनाने की तैयारी की जा रही है। इसमें 63 गांव-चक शामिल कर सुनियोजित विकास की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इससे पहले शहर में विकास के लिए वर्ष 2003 में 20 साल का मास्टर प्लान बनाया गया था। जिसकी अवधि इस साल पूरी हो चुकी है। अब आगामी 20 साल यानी वर्ष-43 तक का नया मास्टर प्लान बनाया जाएगा। इसमें 63 गांव-चक शामिल करने के अलावा शहर के नजदीक के अन्य गांवों पर भी विचार किया जा रहा है। नए मास्टर प्लान के लिए यूआईटी और केन्द्र सरकार के उपक्रम वाप्कोस से एग्रीमेंट होने के साथ कामकाज शुरू हो चुका है।

शहर में अगले 20 सालों तक नए मास्टर प्लान के अनुसार ही बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, प्ले ग्राउंड, सड़कों और औद्योगिक क्षेत्र के स्थान तय किए जाएंगे। इसी मास्टर प्लान के आधार पर जब बीकानेर विकास प्राधिकरण बनेगा तो इसके आगे का विस्तार लेगा मगर बीडीए का फिलहाल मूल ढांचा 2043 तक के मास्टर प्लान को ही पूरा अमलीजामा पहनाना होगा।

सरकार ने यूआईटी में आईएएस को सचिव लगाकर अपनी मंशा तो जाहिर कर दी कि जल्दी ही दर्जा दिया जाएगा मगर जयपुर से कामकाज ढीला होने के कारण बीकानेर के साथ ही सीएम भजनलाल के गृह जिले भरतपुर का काम भी अफ्सरों की लेटलतीफी का शिकार हो रहा है।

बीकानेर की मौजूदा आबादी तकरीबन 12 लाख है। एक्सपर्ट बताते हैं कि 15 से 20 लाख की आबादी के हिसाब से बीकानेर विकास प्राधिकरण का प्लान बनाया जाएगा। हालांकि बीकानेर की बवासट तेजी से बढ़ रही है। खासकर जयपुर रोड़ की ओर। इसलिए एक बार तो मौजूदा मास्टर प्लान के आधार पर ही बीडीए बनेगा लेकिन उसके बाद जो प्लान बनेगा उसमें आबादी और एरिया दोनों का विस्तार होना संभव है। जिस गति से शहर की बसावट बढ़ रही और आबादी का विस्तार हो रहा उस लिहाज से बीकानेर को महानगर का दर्जा मिलने में अभी 15 से 20 साल और लगेंगे।

मास्टर प्लान के तहत सभी सरकारी विभागों के आगामी प्रस्तावों पर चर्चा होगी। उनके अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जाएगा। यूआईटी, नगर नियोजक अधिकारियों से चर्चा होगी। औद्योगिक विकास का खास ध्यान रखते हुए शहर का नक्शा तैयार होगा जिसमें सरकारी भूमि, स्थानीय निकाय भूमि, चारागाह भूमि, वन भूमि, झीलें, जंगल, जल आपूर्ति दर्शाये जाएंगे। इस प्लान को सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। बीडीए लागू होने के साथ शहर को 6 जोन में बांटा जाएगा। प्रत्येक जोन में जेडीए का डिप्टी कमिश्नर बैठेगा। इसी आधार पर नगर निगम का स्ट्रक्चर बनेगा। पीएचईडी भी उसी रास्ते पर आगे बढ़ रही है।

बीकानेर शहर के अलावा बीछवाल, पेमासर, उदासर, अनोपसागर, शरहकजाणी, रिडमलसर, नैणों का बास, शिवबाड़ी, जोड़बीड़, भोजनशाला, किसमीदेसर, भीनासर, गंगाशहर, सुजानदेसर, करमीसर, श्रीरामसर, शरहतेलियां, नत्थूसर, रघुनाथसर, चक 16 बीएसएम, रिडमलसर सिपाहियान, रायसर, उदयरामसर, नालबड़ी, नाल छोटी, बस्ती चावड़ान, कानासर,शामिल है।

## नशा मुक्त गंगानगर अभियान के तहत वर्कशॉप एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन

■ काउंसलिंग वर्कशॉप एवं जागरूकता सत्र का आयोजन हिंदुस्तान स्काउट गाइड मुख्यालय श्रीगंगानगर में किया

**श्रीगंगानगर, ।** जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से जिले में संचालित नशा मुक्त गंगानगर अभियान के तहत ई-शपथ कार्यक्रम, काउंसलिंग वर्कशॉप एवं जागरूकता सत्र का आयोजन मंगलवार को हिंदुस्तान स्काउट गाइड मुख्यालय श्रीगंगानगर में किया गया। गाइड फ्लॉक यूनिट लीडर बेसिक प्रशिक्षण शिविर में दधिमती महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान एवं नवजीवन कॉलेज घड़साना से बड़ी संख्या में गाइड्स ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से विक्रम ज्याणी ने प्रशिक्षकों एवं गाइड्स को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति, परिवार एवं समाज को नुकसान पहुंचाता है। गाइड्स को बताया गया कि वे अपने विद्यालय, कॉलेज एवं समाज में नशा मुक्त संदेश कैसे फैलाएं और अपने साथियों एवं परिवार को इस बुराई से बचाने के लिए क्या कदम उठा सकते हैं।प्रशिक्षण शिविर में गाइड्स ने पोस्टर मेकिंग एवं समूह चर्चा जैसी गतिविधियों में भी भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यालय के शिविर प्रभारी मीनू रानी डी.ओ.गाइड, संजय माँझू डी.ओ. स्काउट, सुमन रानी, असिस्टेंट प्रोफेसर जितेंद्र शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर पुष्पा रानी ने कहा कि युवा पीढ़ी की भागीदारी से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने गाइड्स को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया और आशा व्यक्त की कि ये गाइड्स अपने क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव लाने में सफल होंगी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शपथ लेते हुए जीवन में कभी नशा नहीं करने का विश्वास दिलाया एवं ई-शपथ के माध्यम से आम जन तक नशा मुक्ति का संदेश फैलाने का आव्हान किया।

## प्रतियोगिता 21 दिसंबर से

**बीकानेर, ।** 11वीं राजस्थान राज्य अंतर्सभागीय सिविल सेवा खेल कूद प्रतियोगिता 21 से 23 दिसंबर तक अजमेर में आयोजित की जाएगी। बीकानेर संभाग की टीमों के चयन के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव को नोडल अधिकारी तथा जिला खेल अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता में पुरुषों की टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, कबड्डी, टेनिस, क्रिकेट, बैडमिंटन बास्केटबॉल तथा महिलाओं के लिए कबड्डी, बैडमिंटन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी या कार्मिकों की सूची निर्धारित प्रपत्र में 14 नवंबर तक भिजवाई जाए।

## दीपावली स्नेह मिलन समारोह 15 कों

**बीकानेर ।** अखिल आदिवासी मीणा महासभा राजस्थान जिला शाखा बीकानेर की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला संरक्षक पूर्व तहसीलदार मदन लाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में महासभा द्वारा 15 नवंबर को जिला मुख्यालय पर स्वतंत्रता सेनानी व धरती आबा,आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती व दीपावली स्नेह मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाने का निणर्य लिया। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने कहा कि इस पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर 1875 को हुआ था। मुंडा ने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्त्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया,जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। भारत के आदिवासी उन्हें भगवान मानते हैं और धरती आबा के नाम से जाना जाता है। अखिल आदिवासी मीणा महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीणा,जिला संरक्षक पूर्व तहसीलदार मदन लाल मीणा, महासभा के जिला महासचिव बाबू लाल मीणा,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष भीम सिंह मीना,जिला सचिव धर्मेंद्र मीना,अजा जजा व पिछड़ी जाति अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला महामंत्री मनीष काचरिया,जिला उपाध्यक्ष कमल मीणा आदि उपस्थित रहें।

## पेयजल आपूर्ति के 1 करोड़ 93 लाख के कार्य स्वीकृत

**बीकानेर, ।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के प्रयासों से गुसाईसर तथा नापासर में पेयजल आपूर्ति के एक करोड़ 93 लाख रुपए के कार्य करवाएं जाएंगे। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ओएचएसआर तथा सीडब्ल्यूआर के इन कार्यों की स्वीकृतियां जारी कर दी गई है। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा ने बताया कि गुसांईसर में 99 लाख 43 हजार रुपए के ओएचएसआर तथा पाइपलाइन के पेयजल आपूर्ति कार्यों की स्वीकृति दी गई हैं। वहीं नापासर में एस सी बस्ती तथा भार्गव मोहल्ला में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति स्कीम के तहत 94 लाख 11 हजार रुपए की लागत से कार्य करवाए जाएंगे।

इन कार्यों के पूर्ण होने से गुसांईसर वासियों में पेयजल किल्लत की समस्या से निजात मिल सकेगी तथा नापासर में भी एससी बस्ती और भार्गव मोहल्ला वासियों को सहूलियत होगी। गोदारा ने बताया कि लंबे समय से स्थानीय निवासियों द्वारा यहां सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए मांग की जा रही थी। विभाग द्वारा प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृतियां जारी कर दी गई है।

इस राशि से ओ एच एस आर और सीडब्ल्यूआर के तहत पाइपलाइन बिछाने सहित अन्य कार्य करवाए जाएंगे। नापासर तथा गुसांईसर वासियों ने इन स्वीकृतियों के जारी होने पर मंत्री का आभार प्रकट किया।

# सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट की दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी प्रारंभ

■ पांडुलिपियां और प्राचीन पुस्तकें समाज की धरोहर : विधायक



सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का उदघाटन कर अवलोकन करते विधायक जेठानंद व्यास ।

**बीकानेर,** 12 नवंबर। सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट के 80वें स्थापना दिवस पर पांडुलिपियों और प्राचीन पुस्तकों की दो दिवसीय प्रदर्शनी मंगलवार को शुरू हुई। बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने फीता खोलकर इसका उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट में संग्रहित पांडुलिपियां और पुस्तकें हमारी धरोहर हैं। इन्हें संरक्षित करने की दिशा में ठोस कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज साहित्यकारों ने कठोर साधना करते हुए साहित्य का प्रचुर भंडार दिया। इसके हस्तलिखित प्रारूप को आने वाली पीढ़ियां के लिए सुरक्षित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह साहित्य युवा शोधार्थियों के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने कहा कि राजस्थानी को संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए जनतचेतना की जरूरत है। राजस्थानी जन.जन की भाषा बनेए इस दिशा में पहल की जाए। स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थी राजस्थानी विषय लें। उन्होंने कहा कि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय में स्थाई राजस्थानी विभाग खुलवाने के लिए राज्य सरकार और कुलपति स्तर पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान उन्होंने पुस्तकों का अवलोकन किया। इंस्टीट्यूट सचिव राजेंद्र जोशी ने बताया कि संस्था द्वारा वर्ष 1946 से विभिन्न पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है। यहां बड़ी संख्या में पांडुलिपियां हैं। जिनके अवलोकन के लिए बड़ी संख्या में शोधार्थी आते हैं। इंस्टीट्यूट की पत्रिका राजस्थान भारती का संपादन रानी लक्ष्मी कुमारी चुंडावतए अगर चंद नाहटाए बद्री दास सांकरिया जैसे साहित्यकारों ने किया। उन्होंने 80वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

साहित्यकार राजा राम स्वर्णकार ने कहा कि इंस्टीट्यूट द्वारा राजस्थाने के युवा रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए सतत गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। डॉण् अजय जोशी ने बीकानेर की राजस्थानी साहित्यिक परंपरा के बारे में बताया। डॉण् नमामी शंकर आचार्य ने उच्च शिक्षा में राजस्थानी भाषा की उपयोगिता एवं आवश्यकता के बारे में बताया। कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि मातृ भाषा को प्रोत्साहित करना आज की जरूरत है। अब्दुल शकूर सिसोदिया ने आभार जताया। सचिव जोशी ने बताया कि प्रदर्शनी बुधवार को भी आमजन के अवलोकनाथ खुली रहेगी।

## जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने के निर्देशे

**श्रीगंगानगर, ।** सेवानिवृत पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स के वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र सेवारत विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़कर) से उनकी एसएसओ आईडी के माध्यम से अपडेट करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश जिला कलक्टर डॉ. मंजू द्वारा समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को दिये गये हैं।

राज्य कर्मचारी अपनी एसएसओ आईडी लॉगिन करने के बाद आईएफएमएस 3.0 पर जायेंगे। इसमें एम्पलॉय सेल्फ सर्विस के ऑप्शन पर क्लिक करेंगे। उसके बाद पेंशनर लाईफ सर्टिफिकेट पर क्लिक करेंगे। उसमें संबंधित पेंशनर (जिसका जीवन प्रमाण पत्र अपलोड करना है) पीपीओ और बैंक खाते के अंतिम चार अंक दर्ज करेंगे।

इसके पश्चात पेंशनर का विवरण आ जाएगा और सर्टिफिकेट दिखाई देगा। इसके पश्चात अप्रूव एण्ड ई-साईन पर क्लिक करने के बाद कर्मचारी डिजिटल हस्ताक्षर के लिए अपने आधार कार्ड के नंबर डालेगा।

उसके पास ओटीपी आयेगा। ओटीपी दर्ज करते ही डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त संबंधित पेंशनर का जीवन प्रमाण पत्र दिखाई देगा, जिसे कर्मचारी सबमिट कर देगा।

यह प्रमाण पत्र सीधे ऑनलाइन आईएफएमएस में पेंशनर के खाते में लिंक हो जायेगा।

## बीबीए और बीसीए कक्षाएं प्रारंभ

**बीकानेर,।** संभाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर कॉलेज में बीबीए और बीसीए कक्षाएं मंगलवार से प्रारंभ हो गई हैं। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र पुरोहित ने बताया कि प्रथम दिन बड़ी संख्या में विद्याथियों ने उपस्थिति दर्ज की।

प्रो. पुरोहित ने बताया कि गंगा सिंह विश्वविद्यालय के प्रो. पंकज जैन के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय दल ने निरीक्षण करते हुए कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों की गहनता से जांच की। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही संबद्धता प्राप्त होगी।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**निविदा सूचना**

ई-निविदा सं.34245415 दिनांक- 11.11.2024

वरि.मण्डल सामग्री प्रबन्धक, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई-निविदा संख्या 34245415 जिसकी बन्द होने की तारीख 11.11.2024 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे है। निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पायेंगे। मैन्युअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्व मान्य नही होगे। इस तरह के मैन्यूअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। **आपूर्ति का विवरण** : Track Guide for BWTB type wagon as per RDSO Drg. No.-WD-00009-S-73 मात्रा : 1490 Nos. **निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय** : ई-निविदा को दिनांक 29.11.2024 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। **वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in** 1304-CR/24

/NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण**

ई-500, टावर ई, पांचवीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029

**एनपीएस न्यास के बोर्ड में एक न्यासी की नियुक्ति**

एनपीएस न्यास के बोर्ड में न्यासी के रूप में नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है, जिनका कार्यकाल नियुक्ति की तारीख से तीन साल तक की अवधि के लिए होगा, जिसमें केवल दो वर्ष तक की कार्यावधि के विस्तार का प्रावधान है। न्यासी की कार्यावधि के लिए अधिकतम आयु सीमा सत्तर वर्ष निर्धारित की गई है। सभी न्यासी प्राधिकरण द्वारा समय समय पर निर्धारित, न्यासी बैठक हेतु बैठक शुल्क एवं न्यासी बैठक हेतु अन्य खर्चों जैसे यात्रा शुल्क एवं यात्रा के दौरान प्रवास शुल्क आदि के लिए पात्र है।

इस पद पर नियुक्ति के लिए विस्तृत सूचना, पीएफआरडीए (एनपीएस न्यास) विनियम, 2015 और न्यासियों की नियुक्ति के लिए दिशा-निर्देश पीएफआरडीए की वेबसाइट www.pfrda.org.in पर उपलब्ध है।

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 12 दिसम्बर 2024 है।

अधोहस्ताक्षरी /-
मुख्य महाप्रबंधक

CBC 15102/12/0002/2425 विनियमन विभाग-निधि प्रबंधन (एनपीएस न्यास)